INDIAN SCHOOL SOHAR **Set : 2**

FORMATIVE ASSESSMENT- 3 (2014-15)

विषय: हिंदी

कक्षा: 8 **समय: 40 मिनट**

दिनांक: 10/11/14 **पूर्णांक: 20**

सामान्यनिर्देश: (1) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले क्रमांक अवश्य लिखें।

(2) कार्य—स्वच्छता से कीजिए। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

प्रश्न 1 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। **2**

रण, निशीथ, घातक, दूषित

प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **6**

(i) लक्ष्मीबाई के लिए 'मरदानी' शब्द का प्रयोग क्यों किया गया है ?

(ii) लक्ष्मीबाई की समाधि को 'चिरसमाधि' क्यों कहा गया है ?

(iii) 'एड्स' से बचने के लिए क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए ?

(iv) 'एच . आई . वी . ' का पूरा नाम क्या है ?

प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए। **1**

लघु

प्रश्न 4 निम्न शब्द से प्रत्यय और मूल शब्द अलग कीजिए। **1**

स्वचालित

प्रश्न 5 लिंग बताइए। **1**

बादल, सुबह

प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। **1**

नूतन, काल्पनिक

प्रश्न 7 निम्न लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। **1**

जिसकी लाठी उसकी भैंस

प्रश्न 8 रेखांकित शब्दों में कारक बताइए। **1**

(क) राम के द्वारा रावण मारा गया।

(ख) लेखकों ने कवि सम्मेलन में भाग लिया।

प्रश्न 9 निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए । 1

बच्चे खेल रहे हैं।□कर्मवाच्य□

प्रश्न 10 निर्देशानुसार वाक्य को परिवर्तित कीजिए। 1

रामू काका को एड्स है।□विस्मयादिबोधक वाक्य□

प्रश्न 11अपठित गद्यांश 4

धर्म और विज्ञान में परंपरा से विरोध माना जाता है।कहा जाता है कि धर्म का जन्म भय से हुआ और वह तर्कहीन विश्वास पर आधारित है□विज्ञान की उत्पत्ति सत्य जानने की इच्छा से हुई और वह हर बात में तर्क □बुद्धि और प्रमाण चाहता है। धर्म एक सर्वशक्तिमान अनादि और अनंत ईश्वर की कल्पना करके मनुष्य को असहाय कर देता है□विज्ञान संसार की सृष्टि को भौतिक तत्वों के मिलने का प्रमाण मानता है□वह ईश्वर जैसी किसी बाहरी सत्ता को स्वीकार नहीं करता। धर्म मनुष्य को आध्यात्मवादी बनाता है□विज्ञान का विश्वास विशुद्ध भौतिकवादी होने में है। परलोक में स्वर्ग का आकर्षण और नर्क का भय उत्पन्न करके धर्म मनुष्य से अनेक प्रकार के अंधविश्वासपूर्ण कार्य कराता है□विज्ञान न परलोक में विश्वास करता है और न स्वर्ग या नरक में। वह मनुष्य को निर्भीक□आत्मावलंबी और ज्ञानी बनाता है।धर्म एक नाश है तो विज्ञान एक जागरण।

उपर्युक्त गद्यांशपढ़करनिम्नलिखित प्रश्नोंके उत्तरलिखिए।

□क□विज्ञान का विश्वास किस में है □

□ख□धर्म कैसे मनुष्य को असहाय कर देता है □

□ग□धर्म किस पर आधारित है □

□घ□विज्ञान की उत्पत्ति कैसे हुई □

....